प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ

(भाग - २)

डॉ. कमलचन्द सोगाणी

अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ

(भाग - 2)

डॉ. कमलचन्द सोगाणी
(पूर्व प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र)
सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

■ प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी
श्री महावीरजी - 322 220 (राजस्थान)

■ प्राप्ति स्थान
1. जैनविद्या संस्थान, श्री महावीरजी
2. साहित्य विक्रय केन्द्र
दिगम्बर जैन नसियाँ भट्टारकजी
सवाई रामसिंह रोड, जयपुर - 302 004

■ प्रथम संस्करण, 2005, 1000

■ मूल्य 70.00

■ पृष्ठ संयोजन
आयुष ग्राफिक्स
डी-173-(ए), विनीत मार्ग
बापू नगर, जयपुर - 302 015
दूरभाष : 141-2708265, मो. 9414076708

■ मुद्रक
जयपुर प्रिण्टर्स प्रा. लि.
एम.आई. रोड, जयपुर - 302 001

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

पाठ संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
	आरम्भिक	
1.	वज्जालग्ग	2
2.	गउडवहो	16
3.	दशवैकालिक	22
4.	आचारांग	30
5.	प्रवचनसार	38
6.	भगवती आराधना	42
7.	अर्हत प्रवचन	50
8.	महुबिन्दु दिट्ठंतं	54
9.	रोहिणीणाए	56
10.	मेरुप्रभ हाथी	62
11.	सिप्पिपुत्तस्स कहा	66
12.	पुत्तेहिं पराभविअस्स पिउस्स कहा	68

व्याकरणिक विश्लेषण एवं शब्दार्थ

1.	वज्जालग्ग	75
2.	गउडवहो	103
3.	दशवैकालिक	116
4.	आचारांग	131
5.	प्रवचनसार	148
6.	भगवती आराधना	156
7.	परिशिष्ट	175
8.	सन्दर्भ ग्रन्थ सूची	181

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आरम्भिक

'प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ, भाग – 2' पाठकों के हाथों में समर्पित करते हुए हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है।

प्राकृत भाषा भारतीय आर्यभाषा परिवार की एक सुसमृद्ध लोक भाषा रही है। स्वभावसिद्ध जन सामान्य की भाषा को प्राकृत कहते हैं। इसी जनभाषा प्राकृत में बुद्ध और महावीर ने साधारण जनता के हितार्थ उपदेश दिया।

जनभाषा प्रवाहशील होती है। प्राकृत भाषा ही अपभ्रंश के रूप में विकसित होती हुई प्रादेशिक भाषाओं एवं हिन्दी का स्रोत बनी। अतः हिन्दी एवं अन्य सभी उत्तर भारतीय भाषाओं के इतिहास के अध्ययन के लिए प्राकृत व अपभ्रंश का अध्ययन आवश्यक है।

यह एक सार्वजनीन सिद्धान्त है कि किसी भी भाषा का ज्ञान प्राप्त करना रचना और अनुवाद की शिक्षा के बिना कठिन है। प्राकृत भाषा के सीखने-समझने को ध्यान में रखकर ही 'प्राकृत रचना सौरभ', 'प्राकृत अभ्यास सौरभ', 'प्रौढ प्राकृत रचना सौरभ', 'प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ भाग – 1' का प्रकाशन किया जा चुका है। इसी क्रम में प्राकृत के विभिन्न ग्रन्थों से पद्यांशों व गद्यांशों का चयन किया गया है। उनके हिन्दी अनुवाद, व्याकरणिक विश्लेषण एवं शब्दार्थ प्रस्तुत किये गये हैं। इससे प्राकृत भाषा को सीखने के साथ-साथ काव्यों का रसास्वादन भी किया जा सकेगा।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा संचालित 'जैनविद्या संस्थान' के अन्तर्गत 'अपभ्रंश साहित्य अकादमी' की स्थापना सन् 1988 में की गई थी। वर्तमान में इसके माध्यम से प्राकृत-अपभ्रंश का अध्यापन, पत्राचार के माध्यम से कराया जाता है। आशा है 'प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ भाग – 2' प्राकृत जिज्ञासुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

पुस्तक-प्रकाशन के लिए अपभ्रंश साहित्य अकादमी के विद्वानों एवं प्राकृत भारती अकादमी के विद्वानों के आभारी हैं।

मुद्रण के लिए जयपुर प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड धन्यवादार्ह हैं।

नरेशकुमार सेठी	**नरेन्द्र पाटनी**	**डॉ. कमलचन्द सोगाणी**
अध्यक्ष	मंत्री	संयोजक
प्रबन्धकारिणी कमेटी		जैनविद्या संस्थान समिति
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी		जयपुर

तीर्थंकर महावीर मोक्ष कल्याणक दिवस
कार्तिक अमावस्या, वीर निर्वाण सम्वत् 2062
1.11.2005

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ

(भाग - 2)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 1

वज्जालग्ग

1. तं किं पि साहसं साहसेण साहंति सप्पहससहावा।
जं भाविऊण दिव्वो परंमुहो धुणइ नियसीसं।।

2. जह जह न समप्पइ विहिवसेण विहडंतकज्जपरिणामो।
तह तह धीराण मणे वड्ढइ बिउणो समुच्छाहो।।

3. फलसंपत्तीइ समोणयाइ तुंगाइ फलविपत्तीए।
हिययाइ सुपुरिसाणं महातरूणं व सिहराइं।।

4. हियए जाओ तत्थेव वड्ढिओ नेय पयडिओ लोए।
ववसायपायवो सुपुरिसाण लक्खिज्जइ फलेहिं।।

5. ववसायफलं विहवो विहवस्स य विहलजणसमुद्धरणं।
विहलुद्धरणेण जसो जसेण भण किं न पज्जत्तं।।

6. आढत्ता सप्पुरिसेहि तुंगववसायदिन्नहियएहिं।
कज्जारंभा होहिंति निप्फला कह चिरं कालं।।

7. विहवक्खए वि दाणं माणं वसणे वि धीरिमा मरणे।
कज्जसए वि अमोहो पसाहणं धीरपुरिसाणं।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 1

वज्जालग्ग

1. साहस (जिनका) स्वभाव (है), (वे) साहस से कुछ भी उस साहस (कार्य) को सिद्ध करते हैं, जिस (साहस कार्य) को विचारकर दैव (भी) उदासीन (हो जाता है) (तथा) निज शीश को (प्रशंसा में) हिलाता है।

2. जैसे-जैसे कार्य का (इच्छित) परिणाम विधि की अधीनता से बिगड़ता हुआ होने के कारण पूरा नहीं किया जाता, वैसे-वैसे धीरों के मन में दुगना, अचल उत्साह बढ़ता है।

3. सज्जन पुरुषों के हृदय महावृक्षों के शिखरों की तरह फलों की प्राप्ति होने पर बहुत झुके हुए (होते हैं) (तथा) फलों के नाश होने पर (वे) ऊँचे (हो जाते हैं)।

4. सज्जन पुरुषों का संकल्परूपी वृक्ष (उनके) मन में (ही) उत्पन्न हुआ है, (उनके द्वारा) वहाँ ही बढ़ाया गया है, लोक में (उनके द्वारा) कभी प्रकट नहीं किया गया है, (किन्तु वह) फलों (परिणामों) द्वारा ही पहचाना जाता है।

5. संकल्प का परिणाम सम्पत्ति (है) और सम्पत्ति का (परिणाम) व्याकुल जनों का उद्धार है, व्याकुलों के उद्धार से यश (प्राप्त होता है), (तुम) कहो, यश से क्या प्राप्त किया हुआ नहीं है ?

6. हृदय से उच्च कर्म में स्थापित सज्जन आत्माओं द्वारा शुरू किए हुए कार्यों के लिए प्रयत्न दीर्घकाल तक कैसे निष्फल होंगे ?

7. वैभव के क्षय होने पर भी उदारता, विपत्ति में भी आत्मसम्मान, मरण (काल) में भी धैर्य (तथा) सैकड़ों प्रयोजनों में भी अनासक्त (भाव-) धीर पुरुषों के (ये) भूषण हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

8. दारिद्दय तुज्झ गुणा गोविज्जंता वि धीरपुरिसेहिं।
पाहुणएसु छणेसु य वसणेसु य पायडा हुंति।।

9. दारिद्दय तुज्झ नमो जस्स पसाएण एरिसी रिद्धी।
पेच्छामि सयललोए ते मह लोया न पेच्छंति।।

10. जे जे गुणिणो जे जे वि माणिणो जे वियड्ढसंमाणा।
दालिद्द रे वियक्खण ताण तुमं साणुराओ सि।।

11. दीसंति जोयसिद्धा अंजणसिद्धा वि के वि दीसंति।
दारिद्दजोयसिद्धं मं ते लोया न पेच्छंति।।

12. संकुयइ संकुयंते वियसइ वियसंतयम्मि सूरम्मि।
सिसिरे रोरकुडुंबं पंकयलीलं समुव्वहइ।।

13. ओलग्गिओ सि धम्मम्मि होज्ज एण्हिं नरिंद वच्चामो।
आलिहियकुंजरस्स व तुह पहु दाणं चिय न दिट्ठं।।

14. भग्गे वि बले वलिए वि साहणे सामिए निरुच्छाहे।
नियभुयविक्कमसारा थक्कंति कुलुग्गया सुहडा।।

15. वियलइ धणं न माणं झिज्जइ अंगं न झिज्जइ पयावो।
रूवं चलइ न फुरणं सिविणे वि मणंसिसत्थाणं।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

8. हे निर्धनता ! तुम्हारे गुण धीर पुरुषों के द्वारा छुपाए जाते हुए भी अतिथियों (की उपस्थिति) में, उत्सवों पर और कष्टों के होने पर प्रकट हो जाते हैं।

9. हे निर्धनता ! तुम्हारे लिए नमस्कार, (क्योंकि) जिसके (तुम्हारे) प्रसाद से ऐसी ऋद्धि (मिली) (है) (कि) (मैं) सब लोगों को देखता हूँ, (पर) वे (सब) लोग मुझे नहीं देखते हैं।

10. हे निपुण निर्धनता ! जो जो गुणी (हैं), जो जो भी आत्म-सम्मानी (हैं), जिन्होंने विद्वानों में सम्मान (पाया है), तुम उनके लिए अनुराग सहित होती हो।

11. योग-सिद्ध देखे जाते हैं, कितने ही अंजण-सिद्ध भी देखे जाते हैं, (किन्तु) वे मनुष्य मुझ दारिद्र-योग-सिद्ध को नहीं देखते हैं।

12. सर्दी में गरीब कुटुम्ब कमल की लीला को धारण करता है। (वह) अस्त होते हुए सूर्य में सिकुड़ जाता है (और) उदय होते हुए (सूर्य में) फैल जाता है।

13. (तुम) धर्म में अनुलग्न हो, रहो ! हे राजा ! अब (हम) जाते हैं, (क्योंकि) हे प्रभो! तुम्हारी उदारता कभी नहीं देखी गई, जैसे चित्रित हाथी के (मस्तक से टपकने वाला रस कभी नहीं देखा गया है)।

14. युद्ध-शक्ति के खण्डित होने पर, सेना के घिरे हुए होने पर (और) स्वामी के उत्साह-रहित (किये गए) होने पर उच्च कुलों में उत्पन्न योद्धा निज भुजाओं के पराक्रम बल से (ही) स्थिर रहते हैं।

15. दृढ़-संकल्प वाले दल (सुभटों) का (यदि) धन क्षीण होता है, (तो) स्वप्न में भी आत्म-सम्मान (क्षीण) नहीं (होता), शरीर (यदि) क्षीण होता है, (तो स्वप्न में भी) प्रताप क्षीण नहीं होता, (यदि) रूप नष्ट होता है, (तो स्वप्न में भी) स्फूर्ति (नष्ट) नहीं (होती)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

16. हंसो सि महासरमंडणो सि धवलो सि धवल किं तुज्झ।
खलवायसाण मज्झे ता हंसय कत्थ पडिओ सि।।

17. हंसो मसाणमज्झे काओ जइ वसइ पंकयवणम्मि।
तह वि हु हंसो हंसो काओ काओ च्चिय वराओ।।

18. बे वि सपक्खा तह बे वि धवलया बे वि सरवरणिवासा।
तह वि हु हंसबयाणं जाणिज्जइ अंतरं गरुयं।।

19. एक्केण य पासपरिट्ठिएण हंसेण होइ जा सोहा।
तं सरवरो न पावइ बहुएहि वि ढिंकसत्थेहिं।।

20. माणससररहियाणं जह न सुहं होइ रायहंसाणं।
तह तस्स वि तेहि विणा तीरुच्छंगा न सोहंति।।

21. वच्चिहिसि तुमं पाविहिसि सरवरं रायहंस, किं चोज्जं।
माणससरसारिक्खं पुहविं भमंतो न पाविहिसि।।

22. सव्वायरेण रक्खह तं पुरिसं जत्थ जयसिरी वसइ।
अत्थमिय चंदबिंबे ताराहि न कीरए जोण्हा।।

23. जइ चंदो किं बहुतारएहि बहुएहि किं च तेण विणा।
जस्स पयासो लोए धवलेइ महामहीवट्ठं।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

16. हे धवल ! (तुम) हंस हो, महासागर के आभूषण हो, (तुम) विशुद्ध हो, तो हे हंस! (तुम) दुष्ट कौओं के मध्य में कैसे फँसे हुए हो ? तुम्हारा (यह) क्या (हुआ)?

17. यदि हंस मसाण के मध्य में (रहता है) (और) कौआ कमल-समूह में रहता है, तो भी निश्चय ही हंस, हंस है (और) बेचारा कौआ, कौआ ही (है)।

18. (यद्यपि) (हंस और बतख) दोनों ही पंख सहित (हैं), उसी तरह दोनों ही धवल (हैं), (तथा) दोनों ही तालाब में निवास (करने वाले हैं), तो भी निश्चय ही हंस और बतख का महान भेद समझा (माना) जाता है।

19. (तालाब के) किनारे पर स्थित एक ही हंस के द्वारा जो शोभा होती है, उसे बहुत पक्षी-समूहों द्वारा भी तालाब प्राप्त नहीं करता है।

20. जैसे मानसरोवर के बिना राजहंसों के लिए सुख नहीं होता, वैसे ही उसके तट प्रदेश भी उनके बिना नहीं शोभते हैं।

21. हे राजहंस ! (यदि) तुम जाओगे, (तो) (निःसन्देह) उत्तम तालाब पाओगे, (इसमें) क्या आश्चर्य है ? (किन्तु) पृथ्वी पर भ्रमण करते हुए (तुम कोई तालाब) मानसरोवर के समान नहीं पाओगे।

22. उस पुरुष की, जहाँ जय-लक्ष्मी रहती है, पूर्ण आदर से रक्षा करो। चन्द्र-बिंब के अस्त होने पर तारों द्वारा प्रकाश नहीं किया जाता है।

23. लोक में जिसका प्रकाश विस्तृत भूमितल को सफेद करता है (चमकता है), यदि (वह) चन्द्रमा (है), (तो) असंख्य तारों से (भी) क्या (लाभ) ? और उसके बिना (भी) असंख्य (तारों से) क्या (लाभ) ?

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

24. चंदस्स खओ न हु तारयाण रिद्धी वि तस्स न हु ताण।
गरुयाण चडणपडणं इयरा उण निच्चपडिया य॥

25. न हु कस्स वि देंति धणं अन्नं देंतं पि तह निवारंति।
अत्था किं किविणत्था सत्थावत्था सुयंति व्व॥

26. निहणंति धणं धरणीयलम्मि इय जाणिऊण किविणजणा।
पायाले गंतव्वं ता गच्छउ अग्गठाणं पि॥

27. करिणो हरिणहरवियारियस्स दीसंति मोत्तिया कुंभे।
किविणाण नवरि मरणे पयड च्चिय हुंति भंडारा॥

28. देमि न कस्स वि जंपइ उद्दारजणस्स विविहरयणाइं।
चाएण विणा वि नरो पुणो वि लच्छीइ पम्मुक्को॥

29. जीयं जलबिंदुसमं उप्पज्जइ जोव्वणं सह जराए।
दियहा दियहेहि समा न हुंति किं निट्ठुरो लोओ॥

30. विहडंति सुया विहडंति बंधवा विहडेइ संचिओ अत्थो।
एक्कं नवरि न विहडइ नरस्स पुव्वक्कयं कम्मं॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

24. चन्द्रमा का क्षय (होता है), किन्तु तारों का नहीं। वृद्धि भी उसकी (होती है), किन्तु उनकी नहीं। (सत्य यह है कि) महान (व्यक्तियों) का (ही) चढ़ना (और) गिरना (होता है), परन्तु दूसरे अर्थात् सामान्य (व्यक्ति) हमेशा गिरे हुए (ही) हैं।

25. (कृपण) किसी के लिए भी धन नहीं देते हैं। तथा (धन) देते हुए दूसरे (व्यक्ति) को भी (वे) रोकते हैं। क्या (हम कहें कि) कृपण-स्थित (कृपणों के द्वारा संचित किए हुए) रुपये-पैसे अपने आप में स्थित (व्यक्ति की) दशा की तरह सोते हैं (निष्क्रिय होते हैं)।

26. कृपण लोग भूमितल में धन को गाड़ते हैं। इस तरह सोचकर (कि) (उनके द्वारा) पाताल में पहुँचे जाने की सम्भावना है। इस कारण से (धन) भी आगे स्थान को (पाताल में) जाना चाहिए।

27. सिंह के नखों द्वारा चीरे हुए हाथी के गण्डस्थल पर (तो) मोती देखे जाते हैं, (किन्तु) कृपणों के भण्डार केवल मरने पर ही प्रकट होते हैं।

28. (यद्यपि) (कृपण) (कभी) नहीं कहता है, "(मैं) किसी भी श्रेष्ठजन के लिए विविध रत्नों को देता हूँ", फिर भी (ठीक ही है) (लक्ष्मी के) त्याग के बिना ही मनुष्य लक्ष्मी के द्वारा परित्यक्त (होता है)।

29. जीवन जल-बिन्दु के समान (क्षणभंगुर) (है)। यौवन बुढ़ापे के साथ उत्पन्न होता है। दिवस दिवसों के समान नहीं होते हैं। (फिर भी) मनुष्य निष्ठुर क्यों है?

30. पुत्र अलग हो जाते हैं, बन्धु (भी) अलग हो जाते हैं, संचित अर्थ (भी) अलग हो जाता है, (किन्तु) मनुष्य का केवल एक पूर्व में किया हुआ कर्म अलग नहीं होता।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

31. रायंगणम्मि परिसंठियस्स जह कुंजरस्स माहप्पं।
विंझसिहरम्मि न तहा ठाणेसु गुणा विसट्टंति।।

32. ठाणं न मुयइ धीरो ठक्कुरसंघस्स दुट्ठवग्गस्स।
ठंतं पि देइ जुज्झं ठाणे ठाणे जसं लहइ।।

33. जइ नत्थि गुणा ता किं कुलेण गुणिणो कुलेण न हु कज्जं।
कुलमकलंकं गुणवज्जियाण गरुयं चिय कलंकं।।

34. गुणहीणा जे पुरिसा कुलेण गव्वं वहंति ते मूढा।
वंसुप्पन्नो वि धणू गुणरहिए नत्थि टंकारो।।

35. जम्मंतरं न गरुयं गरुयं पुरिसस्स गुणगणारुहणं।
मुत्ताहलं हि गरुयं न हु गरुयं सिप्पिसंपुडयं।।

36. खरफरुसं सिप्पिउडं रयणं तं होइ जं अणग्घेयं।
जाईइ किं व किज्जइ गुणेहि दोसा फुसिज्जंति।।

37. जं जाणइ भणइ जणो गुणाण विहवाण अंतरं गरुयं।
लब्भइ गुणेहि विहवो विहवेहि गुणा न घेप्पंति।।

38. पासपरिसंठिओ वि हु गुणहीणे किं करेइ गुणवंतो।
जायंधयस्स दीवो हत्थकओ निप्फलो च्चेय।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

31. जिस तरह राजा के आँगन में स्थित हाथी की महिमा (होती है), (किन्तु) विंध्य पर्वत के शिखर पर (स्थित हाथी की महिमा) नहीं (होती है), उसी तरह (उचित) स्थानों पर गुण खिलते हैं।

32. धीर पुरुष मुखियाओं के समूह का (तथा) दुष्ट समूह का (विरोध होते हुए भी) स्थान (पद) को नहीं छोड़ता है, किन्तु (वह) स्थिर रहता हुआ विरोध करता है। (इसके फलस्वरूप वह) स्थान-स्थान पर यश को प्राप्त करता है।

33. यदि गुण नहीं है तो उच्च कुल से क्या (लाभ) ? गुणी के लिए उच्च कुल से (कोई) भी प्रयोजन नहीं है। गुणहीन के कारण कलंक-रहित कुल पर निश्चय ही बड़ा कलंक (लगता है)।

34. जो पुरुष गुण-हीन हैं, वे मूढ़ कुल के कारण गर्व धारण करते हैं। (ठीक ही है) यद्यपि धनुष बाँस से उत्पन्न (है), (तो भी) रस्सी-रहित होने के कारण (उसमें) टंकार (सम्भव) नहीं (होती है)।

35. जन्म-संयोग महान नहीं (होता है), पुरुष के द्वारा गुण-समूह का ग्रहण महान (होता है)। मोती ही श्रेष्ठ (होता है), किन्तु सीप का खोल श्रेष्ठ नही (होता है)।

36. सीप का खोल रूखा और कठोर (होता है), (फिर भी उसमें) जो रत्न (उत्पन्न) होता है, वह बहुमूल्य (होता है), बतलाइए तो, जन्म से क्या किया जाता है ? दोष (तो) गुणों से पोंछ दिए जाते हैं।

37. मनुष्य जिस (बात) को (सत्य) समझता है, (उसको) कहता है (कि) गुणों (और) वैभवों का बड़ा अन्तर है। (मनुष्य द्वारा) गुणों से वैभव प्राप्त किया जाता है, (किन्तु) (उसके द्वारा) वैभवों से गुण प्राप्त नहीं किये जाते हैं।

38. पास में स्थित गुणवान भी गुणहीन में क्या करेगा ? जन्मे हुए (जन्म से) अन्धे के लिए हाथ में पकड़ा हुआ दीपक निष्फल ही (होता है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

39. परलोयगयाणं पि हु पच्छत्ताओ न ताण पुरिसाणं।
जाण गुणुच्छाहेणं जियंति वंसे समुप्पन्ना।।

40. सज्जणसलाहणिज्जे पयम्मि अप्पा न ठाविओ जेहिं।
सुसमत्था जे न परोवयारिणो तेहि वि न किं पि।।

41. सुसिएण निहसिएण वि तह कह वि हु चंदणेण महमहियं।
सरसा वि कुसुममाला जह जाया परिमलविलक्खा।।

42. एक्को चिय दोसो तारिसस्स चंदणदुमस्स विहिघडिओ।
जीसे दुट्ठभुयंगा खणं पि पासं न मेल्लंति।।

43. बहुतरुवराण मज्झे चंदणविडवो भुयंगदोसेण।
छिज्झइ निरावराहो साहु व्व असाहुसंगेण।।

44. रयणायरेण रयणं परिमुक्कं जइ वि अमुणियगुणेण।
तह वि हु मरगयखंडं जत्थ गयं तत्थ वि महग्घं।।

45. मा दोसं चिय गेण्हह विरले वि गुणे पसंसह जणस्स।
अक्खपउरो वि उवही भण्णइ रयणायरो लोए।।

46. लच्छीइ विणा रयणायरस्स गंभीरिमा तह च्चेव।
सा लच्छी तेण विणा भण कस्स न मंदिरं पत्ता।।

47. वडवाणलेण गहिओ महिओ य सुरासुरेहि सयलेहिं।
लच्छीइ उवहि मुक्को पेच्छह गंभीरिमा तस्स।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

39. परलोक में भी गए हुए उन पुरुषों के (मन में) जिनके गुणों के उत्साह से वंश में उत्पन्न (व्यक्ति) जीते हैं, निश्चय ही पश्चाताप नहीं है।

40. सज्जनों के द्वारा प्रशंसा किए जाने योग्य मार्ग पर आत्मा जिनके द्वारा स्थापित नहीं की गई (है) (तथा) सुसमर्थ (होते हुए) भी जो दूसरों का उपकार करने वाले नहीं है, उन (दोनों) के द्वारा कुछ भी (लाभ) नहीं है।

41. सूखे हुए तथा घिसे गए चन्दन के द्वारा भी निश्चय ही किसी न किसी प्रकार गन्ध फैली हुई है, जिससे कि अस्तित्व में आई हुई (बनी हुई) सरस फूलों की माला भी सुगन्ध से लज्जित (होती है)।

42. विधि के द्वारा घड़े हुए उस जैसे चन्दन के वृक्ष का एक ही दोष है (कि) दुष्ट सर्प क्षण के लिए भी जिसके (उसके) आस-पास को नहीं छोड़ते हैं।

43. बहुत बड़े वृक्षों के बीच में चन्दन की शाखा सर्प दोष के कारण काट दी जाती है, जैसे अपराधरहित भद्र पुरुष दुष्टसंग के कारण (कष्ट दिया जाता है)।

44. समुद्र के द्वारा नहीं जाने हुए गुणों के कारण (समुद्र के द्वारा) रत्न यद्यपि परित्याग किया गया है, तो भी पन्ने का टुकड़ा जहाँ भी गया वहाँ ही मूल्यवान (सिद्ध हुआ है)।

45. (किसी भी) मनुष्य के दोष को ही ग्रहण मत करो, (उसके) विरल गुणों की भी प्रशंसा करो। बहुत अधिक रुद्राक्ष (युक्त) समुद्र भी लोक में रत्नाकर कहा जाता है।

46. लक्ष्मी के बिना (भी) रत्नाकर की गम्भीरता उसी तरह ही (बनी हुई है), (किन्तु) कहो, वह लक्ष्मी उसके (समुद्र के) बिना किसके घर नहीं पहुँची ?

47. (यद्यपि) समुद्र वडवानल (भीतरी आग) के द्वारा ग्रसा हुआ (है), सकल सुर-असुरों द्वारा मथा गया (है) और लक्ष्मी के द्वारा त्यागा गया (है), (फिर भी) उसकी गम्भीरता को देखो।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

48. रयणेहि निरंतरपूरिएहि रयणायरस्स न हु गव्वो।
करिणो मुत्ताहलसंसए वि मयविब्भला दिट्ठी।।

49. रयणायरस्स न हु होइ तुच्छिमा निग्गएहि रयणेहिं।
तह वि हु चंदसरिच्छा विरला रयणायरे रयणा।।

50. जइ वि हु कालवसेणं ससी समुद्दाउ कह वि विच्छुडिओ।
तह वि हु तस्स पयासो आणंदं कुणइ दूरे वि।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रत्नों से निरन्तर भरे हुए भी रत्नाकर के गर्व नहीं है, (किन्तु) मोती के संशय में भी हाथी की मद में तल्लीन दृष्टि (होती है)।

बाहर निकले हुए रत्नों के कारण भी समुद्र के तुच्छता नहीं होती है, किन्तु फिर भी (यह कहा जा सकता है कि) समुद्र में थोड़े (ही) रत्न चन्द्रमा के समान (होते हैं) (जो समुद्र के लिए आनन्द करते हैं)।

यद्यपि विधि के वश से ही चन्द्रमा किसी तरह समुद्र से बिछुड़ा हुआ है, तो भी उसका प्रकाश दूर होने पर भी (समुद्र के लिए) आनन्द करता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 2

गउडवहो

1. इह ते जअंति कइणो जअमिणमो जाण सअल-परिणामं।
वाआसु ठिअं दीसइ आमोअ-घणं व तुच्छं व॥

2. णिअआएँच्चिअ वाआएँ अत्तणो गारवं णिवेसंता।
जे एंति पसंसच्चिअ जअंति इह ते महा-कइणो॥

3. दोग्गच्चम्मि वि सोक्खाइँ ताण विहवे वि होंति दुक्खाइं।
कव्व-परमत्थ-रसिआइँ जाण जाअंति हिअआइँ॥

4. सोहेइ सुहावेइ अ उवहुज्जंतो लवो वि लच्छीए।
देवी सरस्सई उण असमग्गा किं पि विणडेइ॥

5. लग्गिहिइ ण वा सुअणे वयणिज्जं दुज्जणेहिं भण्णंतं।
ताण पुण तं सुअणाववाअ-दोसेण संघडइ॥

6. जाण असमेहिं विहिआ जाअइ णिंदा समा सलाहा वि।
णिंदा वि तेहिं विहिआ ण ताण मण्णे किलामेइ॥

7. हरइ अणू वि पर-गुणो गरुअम्मि वि णिअ-गुणे ण संतोसो।
सीलस्स विवेअस्स अ सारमिणं एत्तिअं चेअ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 2
गउडवहो

1. इस लोक में वे कवि जीतते हैं (सफल होते हैं) जिनकी वाणियों (काव्यों) में सकल अभिव्यक्ति विद्यमान (है)। (और इसलिए) वह जगत या तो हर्ष से पूर्ण या तिरस्कार (योग्य) देखा जाता है।

2. स्वकीय वाणी के द्वारा ही निज के गौरव को स्थापित करते हुए जो निश्चय ही प्रशंसा प्राप्त करते हैं, वे महाकवि इस लोक में जीतते हैं (सफल होते हैं)।

3. जिनके हृदय काव्य-तत्त्व के रसिक होते हैं, उन (व्यक्तियों) के लिए निर्धनता में भी (कई प्रकार के) सुख (होते हैं) (तथा) वैभव में भी (कई प्रकार के) दुःख होते हैं।

4. लक्ष्मी की थोड़ी मात्रा भी उपभोग की जाती हुई शोभती है तथा सुखी करती है, किन्तु किंचित् भी अपूर्ण देवी सरस्वती (अधूरी विद्या) उपहास करती है।

5. दुर्जनों द्वारा कही हुई, निन्दा सज्जनों को लगेगी अथवा नहीं (लगेगी) (कहा नहीं जा सकता), किन्तु वह (निन्दा) सज्जनों की निन्दा (से उत्पन्न) दोष के कारण उन (दुर्जनों) के (ही) घटित हो जाती है।

6. जिनके लिए असमान (व्यक्तियों) के द्वारा की गई प्रशंसा भी निन्दा के समान होती है, उनके मन को उन (असमान व्यक्तियों) के द्वारा की गई निन्दा भी खिन्न नहीं करती है।

7. दूसरे का छोटा गुण भी (महान व्यक्ति को) प्रसन्न करता है, (किन्तु) (उसे) अपने बड़े गुण में भी सन्तोष नहीं (होता है)। शील और विवेक का यह इतना ही सार है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

8. णिव्वाडंताण सिवं सअलं चिअ सिवअरं तहा ताण।
णिव्वडइ किं पि जह ते वि अप्पणा विम्हअमुवेंति।।

9. तं खलु सिरीएँ रहस्सं जं सुचरिअ-मग्गणेक्क-हिअओ वि।
अप्पाणमोसरंतं गुणेहिं लोओ ण लक्खेइ।।

10. एक्के लहुअ-सहावा गुणेहि लहिउं महंति धण-रिद्धिं।
अण्णे विसुद्ध-चरिआ विहवाहि गुणे विमग्गंति।।

11. दूमिज्जंता हिअएण किं पि चिंतेंति जइ ण जाणामि।
किरियासु पुण पअट्टंति सज्जणा णावरद्धे वि।।

12. महिमं दोसाण गुणा दोसा वि हु देंति गुण-णिहाअस्स।
दोसाण जे गुणा ते गुणाण जइ ता णमो ताण।।

13. संसेविऊण दोसे अप्पा तीरइ गुण-ट्ठिओ काउं।
णिव्वडिअ-गुणाण पुणो दोसेसु मई ण संठाइ।।

14. जह जह णग्घंति गुणा जह जह दोसा अ संपइ फलंति।
अगुणाअरेण तह तह गुण-सुण्णं होहिइ जंअं पि।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

8. (स्व-पर के) कल्याण को सिद्ध करते हुए (मनुष्यों) के लिए समग्र (लोक) ही अधिक कल्याणकारी (हो जाता है)। उनके लिए कुछ इस प्रकार सिद्ध होता है, जिससे वे स्वयं भी आश्चर्य को प्राप्त करते हैं।

9. वास्तव में लक्ष्मी की (प्राप्ति का) वह (यह) रहस्य (है) कि (धनी) मनुष्य सुचरित्र (व्यक्तियों) की खोज में स्थिर हृदय (होता है), यद्यपि वह गुणों से निज को फिसलते हुए नहीं देखता है।

10. कुछ (व्यक्ति) (जिनके) स्वभाव तुच्छ (हैं) गुणों के द्वारा धन-वैभव को प्राप्त करने की इच्छा करते हैं, दूसरे (व्यक्ति) (जिनके) चरित्र विशुद्ध (हैं) वैभव के द्वारा गुणों को चाहते हैं।

11. यदि पीड़ा दिये जाते हुए सज्जन हृदय में कुछ विचारते हैं (तो) (मैं) (यह) नहीं जानता हूँ; किन्तु (इतना निश्चित है कि) (वे) (अपने प्रति) अपराध में (अपराधी के प्रति) भी सावद्य क्रियाओं में प्रवृत्ति नहीं करते हैं।

12. (यह ठीक है कि) गुण, दोषों के लिए तथा दोष भी गुण-समूह के लिए महिमा प्रदान करते हैं, (किन्तु) दोषों के जो गुण (हैं), वे यदि गुणों के (हों) तो उन (गुणों) के लिए नमस्कार। (जैसे दोषों के द्वारा सांसारिक जीवन में सफलता मिल जाती है, वह यदि गुणों से मिल जाय तो गुणों को नमस्कार)।

13. दोषों को खूब भोग करके (भी) आत्मा गुणों को (अपने में) अवस्थित करने के लिए समर्थ होती है, किन्तु गुणों के सिद्ध होने पर (तो) दोषों में (बिल्कुल ही) मति नहीं रहती है।

14. जैसे-जैसे इस समय गुण शोभायमान नहीं होंगे, (तथा) जैसे-जैसे (इस समय) दोष फलेंगे, वैसे-वैसे जगत भी अगुणों के आदर से गुण-शून्य हो जायेगा।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

15. अच्चंत-विएएण वि गरुआण ण णिव्वडंति संकप्पा।
विज्जुज्जोओ बहलत्तणेण मोहेइ अच्छीइं।।

16. उवअरणीभूअ-जआ ण हु णवर ण पाविआ पहु-ट्ठाणं।
उवअरणं पि ण जाआ गुण - गुरुणो काल - दोसेण।।

17. विसइच्चेअ सरहसं जेसुं किं तेहिं खंडिआसेहिं।
णिक्खमइ जेसु परिओस - णिब्भरो ताइँ गेहाइं।।

18. साहीण - सज्जणा वि हु णीअ - पसंगे रमंति काउरिसा।
सा इर लीला जं काअ - धारणं सुलह - रअणाण।।

19. किविणाण अण्ण - विसए दाण - गुणे अहिसलाहमाणाण।
णिअ - चाए उच्छाहो ण णाम कह वा ण लज्जा वि।।

20. सइ जाढर - चिंताअड्ढिअं व हिअअं अहो मुहं जाण।
उद्धुर - चित्ता कह णाम होंतु ते सुण्ण - ववसाया।।

21. अघडिअ - परावलंबा जह जह गरुअत्तणेण विहडंति।
तह तह गरुआण हवंति बद्ध-मूलाओ कित्तीओ।।

22. तण्हा अखंडिअच्चिअ विहवे अच्चुण्णए वि लहिऊण।
सेलं पि समारुहिऊण किं व गअणस्स आरूढं।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

15. अत्यन्त ओजस्वी होने के. कारण ही महान (व्यक्तियों) के संकल्प सम्पन्न नहीं होते हैं। (ठीक ही है) पुष्कलता के कारण बिजली का प्रकाश आँखों को अस्त-व्यस्त कर देता है।

16. (यद्यपि) गुणों में महान (व्यक्ति तो) मानव जाति के अन्दर उपकार करने वाले हुए (हैं) (फिर भी) आश्चर्य ! (वे) न केवल उच्च स्थान को नहीं पहुँचे (हैं) (पर) काल-दोष से (उन्होंने) (जीविका का) साधन भी नहीं पाया है।

17. (मनुष्य) जिन (घरों) में उत्सुकता से प्रवेश करता है, (किन्तु) छिन्न-आशाओं से ही बाहर निकलता है, उन (घरों) से क्या (लाभ) ? जिन (घरों) में पूर्ण सन्तोष (होता है) वे (ही) (वास्तव में) घर (हैं)।

18. आश्चर्य ! दुष्ट पुरुष नीच-संगति में ही प्रसन्न होते हैं, (यद्यपि) सज्जन (उनके) निकट (होते हैं)। वह निश्चय ही (उनकी) स्वेच्छाचारिता (है) कि रत्नों के सुलभ होने पर (भी) (उनके द्वारा) काँच ग्रहण (किया जाता है)।

19. दूसरों के विषय में दान-गुण को सराहते हुए (भी) कृपण के निजत्याग में उत्साह नहीं है, और आश्चर्य (उसके) लज्जा भी कैसे नहीं है ?

20. जिनका मुख नीचे है तथा हृदय सदा पेट से सम्बन्ध रखने वाली चिन्ता से खिंचा हुआ है, (उनके लिए) ऊँचे उद्देश्य कैसे सम्भव हों ? (वास्तव में) वे (लोग) (उच्च) प्रयत्न से विहीन (होते हैं)।

21. महापुरुषों के द्वारा दूसरे (व्यक्ति) सहारे नहीं बनाए गए हैं, जैसे-जैसे (वे) (मनुष्यों द्वारा) (किए गए) सम्मान से अलग होते हैं, वैसे-वैसे (उनकी) कीर्ति (गहरी) जड़ पकड़े हुए होती है।

22. आश्चर्य ! (सम्पत्ति की) बहुत ऊँची (स्थितियों) को प्राप्त करके भी सम्पत्ति में तृष्णा नहीं मिटाई गई (है), तो पर्वत पर चढ़कर क्या गगन पर चढ़ना है ?

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 3

दशवैकालिक

1. समाए पेहाए परिव्वयंतो,
सिया मणो निस्सरई बहिद्धा।
न सा महं नो वि अहं पि तीसे,
इच्चेव ताओ विणएज्ज रागं॥

2. आयावयाही चय सोगुमल्लं,
कामे कमाही कमियं खु दुक्खं।
छिंदाहि दोसं विणएज्ज रागं,
एवं सुही होहिसि संपराए॥

3. सव्वभूयऽप्पभूयस्स सम्मं भूयाइं पासओ।
पिहियासवस्स दंतस्स पावं कम्मं न बंधई॥

4. पढमं नाणं तओ दया एवं चिट्ठइ सव्वसंजए।
अन्नाणी किं काही ? किं वा नाहिइ छेय पावगं ?॥

5. सोच्चा जाणइ कल्लाणं सोच्चा जाणइ पावगं।
उभयं पि जाणई सोच्चा जं छेयं तं समायरे॥

6. तत्थिमं पढमं ठाणं महावीरेण देसियं।
अहिंसा निउणा दिट्ठा सव्वभूएसु संजमो॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 3
दशवैकालिक

1. (ऐसा होता है कि) राग-द्वेष से रहित चिन्तन में भ्रमण करता हुआ मन कभी (सम अवस्था से) बाहर (विषमता में) निकल जाता है। (उस समय व्यक्ति यह विचारे कि) वह (विषमता) मेरी नहीं (है), निश्चय ही मैं भी उसका नहीं (हूँ)। इस प्रकार उस (विषमता) से (वह) आसक्ति को हटावे।

2. (तू) (अपने को) तपा; अति-कोमलता को छोड़; इच्छाओं को वश में कर; (इससे) निश्चय ही दुःख पार किए गए (हैं)। (तू) द्वेष को नष्ट कर; राग को हटा; इस प्रकार (तू) संसार में सुखी होगा।

3. सब प्राणियों का (सुख-दुःख) अपने समान (होने) के कारण (जो व्यक्ति) (उन) प्राणियों में (स्व-तुल्य आत्मा का) अच्छी तरह से दर्शन करनेवाला (होता है), (वह) रोके हुए आश्रव के कारण (तथा) आत्म-नियन्त्रित होने के कारण अशुभ कर्म को नहीं बाँधता है।

4. सर्वप्रथम (प्राणियों की आत्मा-तुल्यता का) ज्ञान (करो); बाद में (ही) (उनके प्रति) करुणा (होती है)। इस प्रकार प्रत्येक (ही) संयत (मनुष्य) आचरण करता है। (प्राणियों की आत्म-तुल्यता के विषय में) अज्ञानी (व्यक्ति) क्या करेगा ? (वह) हित (और) अहित को कैसे जानेगा ?

5. (मनुष्य) मंगलप्रद को सुनकर समझता है; (वह) अनिष्टकर को (भी) सुनकर (ही) समझता है; (वह) दोनों (मंगलप्रद और अनिष्टकर) को भी सुनकर (ही) समझता है। (इसलिए) (इन दोनों में से) जो मंगलप्रद (है), (वह) उसका आचरण करे।

6. वहाँ पर (व्रतों आदि में) (अहिंसा का) यह सर्वप्रथम स्थान महावीर के द्वारा उपदिष्ट (है)। (महावीर के द्वारा) अहिंसा सूक्ष्म रूप से जानी गई है। (उसका सार है) – सब प्राणियों के प्रति करुणाभाव।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7. न बाहिरं परिभवे अत्ताणं न समुक्कसे।
सुयलाभे न मज्जेज्जा जच्चा तवसि बुद्धिए॥

8. एवं-धम्मस्स विणओ मूलं, परमो से मोक्खो।
जेण कित्तिं सुयं सग्घं निस्सेसं चाभिगच्छई॥

9. तहेव अविणीयप्पा उववज्झा हया गया।
दीसंति दुहमेहंता आभिओगमुवट्ठिया॥

10. तहेव सुविणीयप्पा उववज्झा हया गया।
दीसंति सुहमेहंता इड्ढिं पत्ता महायसा॥

11. तहेव सुविणीयप्पा लोगंसि नर-नारिओ।
दीसंति सुहमेहंता इड्ढिं पत्ता महायसा॥

12. अप्पणट्ठा परट्ठा वा कोहा वा जइ वा भया।
हिंसगं न मुसं बूया नो वि अन्नं वयावए॥

13. अप्पत्तियं जेण सिया, आसु कुप्पेज्ज वा परो।
सव्वसो तं न भासेज्जा भासं अहियगामिणिं॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7. (व्यक्ति) बाह्य (दूसरे) का तिरस्कार नहीं करे, अपने को ऊँचा नहीं दिखाए, ज्ञान का लाभ होने पर गर्व नहीं करे, (तथा) जाति का, तपस्वी (होने) का (और) बुद्धि का (गर्व न करे)।

8. इसी प्रकार धर्म का मूल विनय (है), उसका अन्तिम (परिणाम) परम-शान्ति (है)। जिससे (विनय से) (व्यक्ति) कीर्ति, प्रशंसनीय ज्ञान और समस्त (गुण) प्राप्त करता है।

9. (जिस प्रकार) राजकीय वाहन के रूप में काम आनेवाले (उद्दण्ड) हाथी (और) घोड़े दुःख में बढ़ते हुए देखे जाते हैं, उसी प्रकार (किसी भी प्रकार के) प्रयास में लगे हुए अविनीत मनुष्य (भी) (दुःख में बढ़ते हुए देखे जाते हैं)।

10. (जिस प्रकार) राजकीय वाहन के रूप में काम आनेवाले (सुशील) हाथी (और) घोड़े सुख में बढ़ते हुए देखे जाते हैं, उसी प्रकार विनीत मनुष्यों ने महान यश के कारण वैभव प्राप्त किया।

11. (जिस प्रकार) लोक में (सुशील) नर-नारियाँ सुख में बढ़ती हुई देखी जाती हैं, उसी प्रकार विनीत मनुष्यों ने महान यश के कारण वैभव प्राप्त किया।

12. (मनुष्य) निज के लिए या दूसरे के लिए क्रोध से या भले ही भय से पीड़ा-कारक (वचन) (और) असत्य (वचन) (स्वयं) न बोले, न ही दूसरे से बुलवाए।

13. जिससे मानसिक पीड़ा हो और दूसरा शीघ्र क्रोध करने लगे, उस अहित करनेवाली भाषा को (व्यक्ति) बिल्कुल न बोले।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

14. सज्झाय-सज्झाणरयस्स ताइणो
अपावभावस्स तवे रयस्स।
विसुज्झई जं से मलं पुरेकडं
समीरियं रुप्पमलं व जोइणा॥

15. विणयं पि जो उवाएण चोइओ कुप्पई नरो।
दिव्वं सो सिरिमेज्जंतिं दंडेण पडिसेहए॥

16. दुग्गओ वा पओएणं चोइओ वहई रहं।
एवं दुब्बुद्धि किच्चाणं वुत्तो वुत्तो पकुव्वई॥

17. मुहुत्तदुक्खा हु हवंति कंटया
अओमया, ते वि तओ सुउद्धरा।
वायादुरुत्ताणि दुरुद्धराणि
वेराणुबंधीणि महब्भयाणि॥

18. गुणेहिं साहू, अगुणेहऽसाहू
गेण्हाहि साहूगुण, मुंचऽसाहू।
वियाणिया अप्पगमप्पएणं
जो राग-दोसेहिं समो, स पुज्जो॥

19. विविहगुणतवोरए य निच्चं
भवइ निरासए निज्जरट्ठिए।
तवसा धुणइ पुराणपावगं
जुत्तो सया तवसमाहिए॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

स्वाध्याय और सद्-ध्यान में लीन (व्यक्ति) का, उपकारी का, निष्पाप मन (वाले) का, ताप में लीन (व्यक्ति) का– (इन सबका) पूर्व में किया हुआ जो (भी) दोष (है), (वह) शुद्ध हो जाता है, जैसे कि अग्नि के द्वारा झकझोरे हुए सोने का मैल (शुद्ध हो जाता है)।

विनय में युक्ति के द्वारा भी प्रेरित जो मनुष्य क्रोध करता है, वह आती हुई दिव्य संपत्ति को डण्डे से रोक देता है।

जैसे अंकुश के द्वारा प्रेरित दुष्ट हाथी रथ को आगे चलाता है, इसी प्रकार दुर्बुद्धि (शिष्य) कर्त्तव्यों को कहा हुआ, कहा हुआ (ही) करता है।

लोहे से बने हुए काँटे (शरीर में लगने पर) थोड़ी देर के लिए ही दुःखमय होते हैं तथा वे बाद में (शरीर से) आसानी से निकाले जा सकने वाले (होते हैं), (किन्तु) वाणी के द्वारा (बोले गए) दुर्वचन (जो काँटों के तुल्य होते हैं) कठिनाई से निकाले जा सकने वाले (कठिनाई से भुलाए जा सकने वाले) (होते हैं), (वे) वैर को बाँधनेवाले (तथा) महा भय पैदा करने वाले (होते हैं)।

(व्यक्ति) सुगुणों के कारण साधु (होता है), (और) दुर्गुणसमूह के कारण ही असाधु। (अतः) (तुम) साधु (बनने) के लिए सुगुणों को ग्रहण करो (और) (उन दुर्गुणों को) छोड़ो (जिनके कारण) (व्यक्ति) असाधु (होता है)। (समझो) जो (व्यक्ति) आत्मा को आत्मा के द्वारा जानकर राग-द्वेष में समान (होता है), वह पूज्य (है)।

(जो) कर्म-क्षय का इच्छुक (व्यक्ति) (है), (वह) सदा अनेक प्रकार के शुभ परिणामों को (उत्पन्न करने वाले) तप में लीन (रहता है) तथा (वह) (संसारी फल की) आशा से शून्य होता है। (इस तरह से) (जो) तप-साधना में सदा संलग्न (रहता है), (वह) तप के द्वारा पुराने पापों को नष्ट कर देता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

20. जया य चयई धम्मं अणज्जो भोगकारणा।
से तत्थ मुच्छिए बाले आयइं नावबुज्झई।।

21. जत्थेव पासे कइ दुप्पउत्तं
काएण वाया अदु माणसेणं।
तत्थेव धीरो पडिसाहरेज्जा
आइण्णो खिप्पमिव क्खलीणं।।

22. अप्पा खलु सययं रक्खियव्वो
सव्विंदिएहिं सुसमाहिएहिं।
अरक्खिओ जाइपहं उवेई
सुरक्खिओ सव्वदुहाण मुच्चइ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जब अज्ञानी (व्यक्ति) भोग के प्रयोजन से धर्म (अध्यात्मिक मूल्यों) को सर्वथा छोड़ देता है, (तो) (यह कहना ठीक है कि) वह अज्ञानी उस (भोग) में मूर्च्छित (है)। (इस तरह से) (वह) (अपने) भविष्य को नहीं समझता है।

जहाँ कहीं धीर (व्यक्ति) मन से, वचन से या काया से खराब (कार्य) किया हुआ (अपने में) देखे, वहाँ ही (वह) (अपने को) पीछे खींचे, जैसे कुलीन घोड़ा लगाम को (देखकर) (अपने को) तुरन्त (पीछे खींच लेता है)।

निस्सन्देह आत्मा पूरी तरह से उपशमित सभी इन्द्रियों द्वारा सदा सुरक्षित की जानी चाहिए। अरक्षित (आत्मा) जन्ममार्ग की ओर जाती है। सुरक्षित (आत्मा) सब दुःखों से छुटकारा पाती है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 4

आचारांग

1. अहासुतं वदिस्सामि जहा से समणे भगवं उट्ठाय।
संखाए तंसि हेमंते अहुणा पव्वइए रीइत्था॥

2. अदु पोरिसिं तिरियभित्तिं चक्खुमासज्ज अंतसो झाति।
अह चक्खुभीतसहिया ते हंता हंता बहवे कंदिंसु॥

3. जे केयिमे अगारत्था मीसीभावं पहाय से झाति।
पुट्ठो वि णाभिभासिंसु गच्छति णाइवत्तती अंजू॥

4. फरिसाइं दुत्तितिक्खाइं अतिअच्च मुणी परक्कममाणे।
आघात-णट्ट-गीताइं दंडजुद्धाइं मुट्ठिजुद्धाइं॥

5. गढिए मिहुकहासु समयम्मि णातसुते विसोगे अदक्खु।
एताइं से उरालाइं गच्छति णायपुत्ते असरणाए॥

6. पुढविं च आउकायं च तेउकायं च वायुकायं च।
पणगाइं बीयहरियाइं तसकायं च सव्वसो णच्चा॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 4
आचारांग

जैसा कि सुना है (मैं) कहूँगा। (आत्मस्वरूप को) जानकर श्रमण भगवान उस हेमन्त (ऋतु) में (सांसारिक परतन्त्रता को) त्यागकर दीक्षित हुए (और) वे इस समय (ही) विहार कर गए।

अब (महावीर) तिरछी भीत पर प्रहर (तीन घण्टे की अवधि) तक (पलक न झपकाई हुई) आँखों को लगाकर आन्तरिक रूप से ध्यान करते थे। तब (उन असाधारण) आँखों के डर से युक्त वे (बे-समझ लोग) यहाँ आओ ! देखो ! (कहकर) बहुत लोगों को पुकारते थे।

और (यदि) ये (महावीर) किन्हीं घर में रहने वालों के (स्थानों) (पर ठहरते थे), (तो) वे (वहाँ उनसे) मेलजोल के विचार को छोड़कर ध्यान करते थे। (यदि) (उनसे कभी कोई बात) पूछी गई (होती थी) (तो) भी (वे) बोलते नहीं थे, (कोई बाधा उपस्थित होने पर) (वे) (वहाँ से) चले जाते थे, (वे) (सदैव) संयम में तत्पर (होते थे) (और) (वे) (कभी) (ध्यान की) उपेक्षा नहीं करते थे।

दुस्सह कटु वचनों की अवहेलना करके मुनि (महावीर) (आत्म-ध्यान में) (ही) पुरुषार्थ करते हुए (रहते थे)। (वे) कथा-नाच-गान में (तथा) लाठी-युद्ध (और) मूठी-युद्ध में (समय नहीं बिताते थे)।

परस्पर (काम) कथाओं में तथा (कामातुर) इशारों में आसक्त (व्यक्तियों) को ज्ञात-पुत्र (महावीर) (हर्ष)-शोक रहित देखते थे। वे ज्ञात-पुत्र इन मनोहर (बातों) का स्मरण नहीं करते थे।

पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय, शैवाल, बीज और हरी वनस्पति तथा त्रसकाय को पूर्णतया जानकर (महावीर विहार करते थे)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7. एताइं संति पडिलेहे चित्तमंताइं से अभिण्णाय।
परिवज्जियाण विहरित्था इति संखाए से महावीरे॥

8. मातण्णे असणपाणस्स णाणुगिद्धे रसेसु अपडिण्णे।
अच्छिं पि णो पमज्जिया णो वि य कंडुयए मुणी गातं॥

9. अप्पं तिरियं पेहाए अप्पं पिट्ठओ उप्पेहाए।
अप्पं बुइए पडिभाणी पथपेही चरे जतमाणे॥

10. आवेसण-सभा-पवासु पणियसालासु एगदा वासो।
अदुवा पलियट्ठाणेसु पलालपुंजेसु एगदा वासो॥

11. आगंतारे आरामागारे नगरे वि एगदा वासो।
सुसाणे सुण्णगारे वा रुक्खमूले वि एगदा वासो॥

12. एतेहिं मुणी सयणेहिं समणे आसि पतेलस वासे।
राइंदिवं पि जयमाणे अप्पमत्ते समाहिते झाती॥

13. णिंद्दं पि णो पगामाए सेवइया भगवं उट्ठाए।
जग्गावतीय अप्पाणं ईसिं साईय अपडिण्णे॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ये चेतनवान हैं, उन्होंने देखा। इस प्रकार वे महावीर जानकर (और) समझकर (प्राणियों की हिंसा का) परित्याग करके विहार करते थे।

मुनि (महावीर) खाने-पीने की मात्रा को समझनेवाले (थे), (भोजन के) रसों में लालायित नहीं (होते) (थे)। (वे) (भोजन-सम्बन्धी) निश्चय नहीं (करते थे)। (आँख में कुछ गिरने पर) (वे) आँख को भी नहीं पोंछकर (रहते थे) अर्थात् नहीं पोंछते थे और (वे) शरीर को भी खुजलाते नहीं (थे)।

मार्ग को देखने वाले (महावीर) तिरछे (दाएँ-बाएँ) देखकर नहीं (चलते थे), पीछे की ओर देखकर नहीं (चलते थे), (किसी के द्वारा) संबोधित किए गए होने पर (वे) उत्तर देने वाले नहीं (होते थे)। (इस तरह से) (वे) सावधानी बरतते हुए गमन करते थे।

(महावीर का) कभी शून्य घरों में, सभा भवनों में, दुकानों में रहना (होता था)। अथवा (उनका) कभी (लुहार, सुनार, कुम्हार आदि के) कर्म-स्थानों में (और) घास-समूह में (छान के नीचे) ठहरना (होता था)।

(महावीर का) कभी मुसाफिरखाने में, (कभी) बगीचे में (बने हुए) स्थान में (तथा) (कभी) नगर में भी रहना (होता था)। तथा (उनका) कभी मसाण में, (कभी) सूने घर में (और) (कभी) पेड़ के नीचे के भाग में भी रहना (होता था)।

इन (उपर्युक्त) स्थानों में मुनि (महावीर) (चल रहे) तेरहवें वर्ष में (साढ़े बारह वर्ष-पन्द्रह दिनों में) समता-युक्त मन वाले रहे। (वे) रात-दिन ही (संयम में) सावधानी बरतते हुए अप्रमाद-युक्त (और) एकाग्र (अवस्था) में ध्यान करते थे।

भगवान (महावीर) आनन्द के लिए कभी भी नींद का उपभोग नहीं करते थे। और (नींद आती तो) ठीक उसी समय अपने को खड़ा करके जगा लेते थे। (वे) (वास्तव में) (नींद की) इच्छारहित (होकर) बिल्कुल-थोड़ा सा सोने-वाले (थे)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

14. संबुज्झमाणे पुणरवि आसिंसु भगवं उट्ठाए।
णिक्खम्म एगया राओ बहिं चक्कमिया मुहुत्तागं।।

15. सयणेहिं तस्सुवसग्गा भीमा आसी अणेगरूवा य।
संसप्पगा य जे पाणा अदुवा पक्खिणो उवचरंति।।

16. इहलोइयाइं परलोइयाइं भीमाइं अणेगरूवाइं।
अवि सुब्भिदुब्भिगंधाइं सद्दाइं अणेगरूवाइं।।

17. अधियासए सया समिते फासाइं विरूवरूवाइं।
अरतिं रतिं अभिभूय रीयति माहणे अबहुवादी।।

18. लाढेहिं तस्सुवसग्गा बहवे जाणवया लूसिंसु।
अह लूहदेसिए भत्ते कुक्कुरा तत्थ हिंसिंसु णिवतिंसु।।

19. अप्पे जणे णिवारेति लूसणए सुणए डसमाणे।
छुच्छुक्कारेंति आहंतु समणं कुक्कुरा दंसतु त्ति।।
(छुच्छुकरेंति आहंसु समणं कुक्कुरा दसंतु त्ति)[1]।।

20. हतपुव्वो तत्थ डंडेण अदुवा मुट्ठिणा अदु फलेणं।
अदु लेलुणा कवालेणं हंता हंता बहवे कंदिंसु।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

14. कभी-कभी रात में.(जब नींद सताती तो) भगवान (महावीर) (आवास से) बाहर निकलकर कुछ समय तक बाहर इधर-उधर घूमकर फिर सक्रिय होकर पूर्णत: जागते हुए (ध्यान में) बैठ जाते थे।

15. उनके लिए (महावीर के लिए) (उन) स्थानों में नाना प्रकार के भयानक कष्ट भी (वर्तमान) थे। (वहाँ) जो भी चलने-फिरने वाले जीव (थे) और (वहाँ) (जो) (भी) पंखयुक्त (जीवे थे) (वे) (वहाँ) (उन पर) उपद्रव करते थे।

16. (महावीर ने) इस लोक सम्बन्धी और परलोक सम्बन्धी (अलौकिक) नाना प्रकार के भयानक (कष्टों) को (समतापूर्वक सहन किया)। (वे) नाना प्रकार के रुचिकर और अरुचिकर गन्धों में तथा शब्दों में (राग-द्वेष-रहित रहे)।

17. अहिंसक (और) बहुत न बोलनेवाले (महावीर) ने अनेक प्रकार के कष्टों को (शान्ति से) झेला (और) (उनमें) (वे) सदा समतायुक्त (रहे)। (विभिन्न परिस्थितियों में) हर्ष (और) शोक पर विजय प्राप्त करके (वे) गमन करते रहे।

18. लाढ़ देश में रहनेवाले लोगों ने उनके (महावीर के) लिए बहुत कष्ट (पैदा किए) (और) (उनको) हैरान किया। (लाढ़ देश के) निवासी रूखे (थे), उसी तरह (उनके द्वारा) पकाया हुआ भोजन (भी रूखा होता था)। कुत्ते (कूकरे) वहाँ पर (महावीर को) सन्ताप देते थे (और) (उन पर) टूट पड़ते थे।

19. (वहाँ पर) कुछ ही लोग (ऐसे थे) (जो) काटते हुए कुत्तों को (और) हैरान करनेवाले (मनुष्यों) को दूर हटाते थे। (किन्तु बहुत लोग) छु-छु की आवाज करते थे (और) कुत्तों को बुला लेते थे, (फिर उनको) महावीर के (पीछे) (लगा देते थे), जिससे (वे) थक जाएँ (और वहाँ से चले जाएँ)।

20. (कुछ लोगों द्वारा) वहाँ (महावीर पर) लाठी से अथवा मुक्के से अथवा चाकू, तलवार, भाला आदि से अथवा ईंट, पत्थर आदि के टुकड़े से, (अथवा) ठीकरे से पहले प्रहार किया गया (होता था) (बाद में) (वे ही कुछ लोग) आओ ! देखो ! (कहकर) बहुतों को पुकारते थे।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

21. सूरो संगाम्मसीसे वा संवुडे तत्थ से महावीरे।
पडिसेवमाणो फरुसाइं अचले भगवं रीयित्था।।

22. अवि साहिए दुवे मासे छप्पि मासे अदुवा अपिवित्था।
राओवरातं अपडिण्णे अण्णगिलायमेगता भुंजे।।

23. छट्ठेण एगया भुंजे अदुवा अट्ठमेण दसमेण।
दुवालसमेण एगदा भुंजे पेहमाणे समाहिं अपडिण्णे।।

24. णच्चाण से महावीरे णो वि य पावगं सयमकासी।
अण्णेहिं वि ण कारित्था कीरंतं पि णाणुजाणित्था।।

25. गामं पविस्स णगरं वा घासमेसे कडं परट्ठाए।
सुविसुद्धमेसिया भगवं आयतजोगताए सेवित्था।।

26. अकसायी विगतगेही य सद्द-रूवेसुऽमुच्छिते झाती।
छउमत्थे वि विप्परक्कममाणे ण पमायं सइं पि कुव्वित्था।।

27. सयमेव अभिसमागम्म आयतजोगमायसोहीए।
अभिणिव्वुडे अमाइल्ले आवकहं भगवं समितासी।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

21. जैसे (कवच से) ढका हुआ योद्धा संग्राम के मोर्चे पर (रहता है), (वैसे ही) वे महावीर वहाँ (लाढ़ देश में) कठोर (यातनाओं) को सहते हुए (आत्म-नियन्त्रित रहे) (और) (वे) भगवान (महावीर) अस्थिरता-रहित (बिना डिगे) विहार करते थे।

22. और दो मास से अधिक अथवा छः मास तक भी (वे) (कुछ) नहीं पीते थे। रात में और दिन में (वे) (सदैव) राग-द्वेष-रहित (समतायुक्त) (रहे)। कभी-कभी (उन्होंने) बासी (तन्द्रालु) भोजन (भी) खाया।

23. कभी (वे) दो दिन के उपवास के बाद में, तीन दिन के उपवास के बाद में, अथवा चार दिन के उपवास के बाद में भोजन करते थे। कभी (वे) पाँच दिन के उपवास के बाद में भोजन करते थे। (वे) समाधि को देखते हुए निष्काम (थे)।

24. वे महावीर (आत्मस्वरूप को) जानकर स्वयं भी बिल्कुल पाप नहीं करते थे (तथा) दूसरों से भी पाप नहीं करवाते थे (और) किए जाते हुए (पाप का) अनुमोदन भी नहीं करते थे।

25. गाँव या नगर में प्रवेश करके भगवान (महावीर) (वहाँ) दूसरे के लिए (गृहस्थ के लिए) बने हुए आहार की (ही) भिक्षा ग्रहण करते थे। (इस तरह) सुविशुद्ध (आहार की) भिक्षा ग्रहण करके (वे) संयत (समतायुक्त) योगत्व से (उसको) उपयोग में लाते थे।

26. (महावीर) कषाय (क्रोध, मान, माया और लोभ)-रहित (थे), (उनके द्वारा) लोलुपता नष्ट कर दी गई (थी), (वे) शब्दों (तथा) रूपों में अनासक्त (थे) और ध्यान करते थे। (जब वे) असर्वज्ञ (थे), (तब) भी (उन्होंने) साहस के साथ (संयम पालन) करते हुए एक बार भी प्रमाद नहीं किया।

27. आत्म-शुद्धि के द्वारा संयत प्रवृत्ति को स्वयं ही प्राप्त करके भगवान शान्त (और) सरल (बने)। (वे) जीवनपर्यन्त समतायुक्त रहे।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 5

प्रवचनसार

1. चारित्तं खलु धम्मो धम्मो जो सो समो त्ति णिद्दिट्ठो।
मोहक्खोहविहीणो परिणामो अप्पणो हु समो।।

2. अइसयमादसमुत्थं विसयातीदं अणोवममणंतं।
अव्वुच्छिण्णं च सुहं सुद्धुवओगप्पसिद्धाणं।।

3. सोक्खं वा पुण दुक्खं केवलणाणिस्स णत्थि देहगदं।
जम्हा अदिंदियत्तं जादं तम्हा दु तं णेयं।।

4. णाणं अप्प त्ति मदं वट्टदि णाणं विणा ण अप्पाणं।
तम्हा णाणं अप्पा अप्पा णाणं व अण्णं वा।।

5. ठाणणिसेज्जविहारा धम्मुवदेसो य णियदयो तेसिं।
अरहंताणं काले मायाचारो व्व इत्थीणं।।

6. तिमिरहरा जइ दिट्ठी जणस्स दीवेण णत्थि कायव्वं।
तह सोक्खं सयमादा विसया किं तत्थ कुव्वंति।।

7. सयमेव जहादिच्चो तेजो उण्हो य देवदा णभसि।
सिद्धो वि तहा णाणं सुहं च लोगे तहा देवो।।

8. देवदजदिगुरुपूजासु चेव दाणम्मि वा सुसीलेसु।
उववासादिसु रत्तो सुहोवओगप्पगो अप्पा।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 5

प्रवचनसार

1. चारित्र निश्चय ही धर्म (है)। जो समता (है), वह ही धर्म कहा गया है। मूर्च्छा रहित और व्याकुलतारहित आत्मा का भाव ही समता (है)।

2. शुद्धोपयोग (वीतरागभाव) से विभूषित (जीवों) का सुख श्रेष्ठ, आत्मा से उत्पन्न, इन्द्रिय-विषयों से परे, अनुपम, अनन्त और सतत (होता है)।

3. केवलज्ञानी के देह विषयक सुख तथा दु:ख नहीं है। चूँकि (उसके) अतीन्द्रियता उत्पन्न हुई है, इसलिए ही वह (बात) समझने योग्य (है)।

4. (इस प्रकार कहा गया है कि) ज्ञान आत्मा (है)। आत्मा के बिना ज्ञान नहीं रहता है। इसलिए ज्ञान आत्मा (है)। (संक्षेप में) आत्मा ज्ञान (है) तथा (सुखादि) अन्य भी।

5. अरिहन्तों के (उस) समय में उनका खड़ा होना, बैठना, गमन और धर्मोपदेश स्त्रियों के मातारूप आचरण की तरह स्थिर (प्रकृतिदत्त) (होता) है।

6. यदि मनुष्य की आँख अँधकार को हरनेवाली (हो जाए) (तो) दीपक के द्वारा करने योग्य (कुछ भी) नहीं (होता है)। उसी प्रकार (यदि) स्वयं आत्मा सुख है, (तो) वहाँ इंन्द्रिय-विषय क्या (सुख) उत्पन्न करते हैं।

7. जिस प्रकार आकाश में सूर्य स्वयं ही प्रकाशरूप (है), ऊष्णरूप (है) और दिव्यरूप (है), उसी प्रकार लोक में सिद्ध भी ज्ञानरूप (है), सुखरूप (है) और वैसे ही दिव्यरूप (हैं)।

8. (जो) व्यक्ति देव, संन्यासी और गुरु की आराधना में और दान में तथा व्रतों में तथा उपवासादि में अनुरक्त हैं (वह) शुभ उपयोगस्वभाववाला (कहा गया है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

9. सपरं बाधासहियं विछिण्णं बंधकारणं विसमं।
जं इंदियेहिं लद्धं तं सोक्खं दुक्खमेव तहा।।

10. आदा कम्ममलिमसो धरेदि पाणे पुणो पुणो अण्णे।
ण चयदि जाव ममत्तं देहपधाणेसु विसयेसु।।

11. जो जाणादि जिणिंदे पेच्छदि सिद्धे तहेव अणगारे।
जीवेसु साणुकंपो उवओगो सो सुहो तस्स।।

12. रत्तो बंधदि कम्मं मुच्चदि कम्मेहिं रागरहिदप्पा।
एसो बंधसमासो जीवाणं जाण णिच्छयदो।।

13. देहा वा दविणा वा सुहदुक्खा वाध सत्तुमित्तजणा।
जीवस्स ण संति धुवा धुवोवओगप्पगो अप्पा।।

14. जो एवं जाणित्ता झादि परं अप्पगं विसुद्धप्पा।
सागारोऽणागारो खवेदि सो मोहदुग्गंठिं।।

15. जो खविदमोहकलुसो विसयविरत्तो मणो णिरुंभित्ता।
समवट्ठिदो सहावे सो अप्पाणं हवदि झादा।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

9. जो इन्द्रियों से प्राप्त सुख (है), वह दूसरे (की अपेक्षा)- सहित, बाधायुक्त, नाशवान, कर्मबन्ध का कारण तथा असमान (है), वह (सुख) (इन कारणों से) दुःख ही है।

10. जब तक कर्म से मलिन आत्मा देह मूलवाले विषयों में ममत्व नहीं छोड़ता है, (तब तक) (वह) बार-बार दूसरे जीवन को धारण करता है।

11. जो जितेन्द्रियों को जानता है, सिद्धों को समझता है, उसी प्रकार साधुओं को (समझता है) और (जो) जीवों में करुणासहित (है), उसका वह उपयोग (भाव) शुभ है।

12. रागी कर्म को बाँधता है। रागरहित आत्मा कर्मों से छुटकारा पाता है। यह जीवों के (कर्म) बन्ध का संक्षेप है। निश्चय से (तुम) जानो।

13. देह या सम्पत्ति या सुख-दुःख या इसी प्रकार शत्रुजन व मित्रजन आत्मा (व्यक्ति) के लिए स्थायी नहीं हैं। (केवल) आत्मा ही स्थायी और ज्ञान स्वरूप है।

14. जो गृहस्थ तथा मुनि इस प्रकार सर्वोत्तम आत्मा को जानकर (उसका) ध्यान करता है वह शुद्ध आत्मा (होता हुआ) आसक्ति की गाँठ को नष्ट कर देता है।

15. जो मन विषयों से विरक्त है, (जिसके द्वारा) आसक्ति रूपी मैल नष्ट कर दिया गया है, (जो) निज को (बहिर्मुखी होने से) रोककर स्वभाव में भली प्रकार से अवस्थित (होता है), वह ध्यान करनेवाला होता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 6

भगवती अराधना

1. दुज्जणसंसग्गीए.पजहदि णियगं गुणं खु सुजणो वि।
सीयलभावं उदयं जह पजहदि अग्गिजोएण।।

2. णाणुज्जोवो जोवो णाणुज्जोवस्स णत्थि पडिघादो।
दीवेइ खेत्तमप्पं सूरो णाणं जगमसेसं।।

3. विज्जा वि भत्तिवंतस्स सिद्धिमुवयादि होदि सफला य।
किह पुण णिव्वुदिबीजं सिज्झहिदि अभत्तिमंतस्स।।

4. णाणुज्जोएण विणा जो इच्छदि मोक्खमग्गमुवगन्तुं।
गन्तुं कडिल्लमिच्छदि अंधलओ अंधयारम्मि।।

5. जह ते ण पियं दुक्खं तहेव तेसिंपि जाण जीवाणं।
एवं णच्चा अप्पोवमिवो जीवेसु होदि सदा।।

6. सव्वेसिमासमाणं हिदयं गब्भो व सव्वसत्थाणं।
सव्वेसिं वदगुणाणं पिंडो सारो अहिंसा हु।।

7. जीववहो अप्पवहो जीवदया होइ अप्पणो हु दया।
विसकंटओ व्व हिंसा परिहरियव्वा तदो होदि।।

8. जावइयाइं दुक्खाइं होंति लोयम्मि चदुगदिगदाइं।
सव्वाणि ताणि हिंसाफलाणि जीवस्स जाणाहि।।

9. कक्कस्सवयणं णिट्ठुरवयणं पेसुण्णहासवयणं च।
जं किंचि विप्पलावं गरहिदवयणं समासेण।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 6
भगवती अराधना

दुर्जन के संसर्ग से सज्जन भी निश्चित रूप से अपने गुण को त्याग देता है जैसे अग्नि के योग से पानी शीतल स्वभाव को त्याग देता है।

ज्ञान रूपी प्रकाश (ही) (वास्तविक) प्रकाश (है)। ज्ञान रूपी प्रकाश का विनाश नहीं है। सूर्य अल्प क्षेत्र को (ही) प्रकाशित करता है, ज्ञान समस्त विश्व को (प्रकाशित करता है)।

विद्या भी भक्तिवान की सिद्धि को प्राप्त होती है, और सफल होती है, फिर अभक्तिवान के लिए मोक्ष रूपी बीज (रत्नत्रय) कैसे सिद्ध (निष्पन्न) होगा ?

ज्ञान रूपी प्रकाश के बिना जो (ज्ञान एवं तप रूप) मोक्षमार्ग को जाने के लिए इच्छा करता है। (मानो) (वह) अन्धा अँधकार में जंगल जाने के लिए इच्छा करता है।

जैसे तुम्हारे लिए दुःख प्रिय नहीं (है), उसी प्रकार उन जीवों के लिए भी जान। इस प्रकार जानकर जीवों के प्रति सदा आत्म-सदृश होता है।

समस्त आश्रमों का हृदय, समस्त शास्त्रों का गर्भ और समस्त व्रत व गुणों का पिण्डरूप सार निश्चित रूप से अहिंसा है।

जीव-वध आत्म-वध होता है, जीव-दया निश्चित रूप से आत्म दया होती है इसलिए विषकंटक की तरह हिंसा त्यागी जानी चाहिए।

(इस) लोक में चारों गतियों में व्याप्त जितने दुःख हैं उन सभी को जीव की हिंसा के फल जानो।

कर्कश वचन, कठोर वचन, चुगली व हास्य वचन और जो कुछ भी निरर्थक वचन (है)। (वह) संक्षेप से निंदित वचन (है)।

